75 जिलों में बाल श्रमिक विद्या योजना

श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति : योगी

लखनऊ, 23 मई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं. श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है.

श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए. उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा. अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है. योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है.



मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा. सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा. पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं.

सभी औद्योगिक शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित होंगे. इन्हें केवल जुटान स्थल नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता केंद्र बनाया जाएगा. दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था भी होगी. कानपुर में 200 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला औद्योगिक श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान और छात्रावास बनेगा. यहां बढ़ई, बिजली मिस्त्री, नलसाज जैसे कामों का प्रशिक्षण मिलेगा.

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 3,030 रोजगार मेलों से 3.74 लाख युवाओं को रोजगार मिला. 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' से 27,555 युवाओं का चयन हुआ, जिनमें 2,300 विदेश के लिए चुने गए. जर्मनी, जापान में रोजगार के लिए भाषा प्रशिक्षण शुरू होगा. उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल में कृत्रिम बुद्धि आधारित रोजगार मिलान और ऑनलाइन परामर्श व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए. अब तक 32,583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी उद्योगों के अनुकूल और श्रमिक हितों के बीच संतुलन वाला वातावरण बनायें. सरकार की यही नीति है. बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 32,583 कारखाने पंजीकृत हैं. मार्च 2017 में यह संख्या 14,176 थी। यानी अप्रैल 2017 के बाद 18,407 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण श्रमिकों के लिए औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित 'लेबर अड्डों' को श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थल के रूप में नहीं, बल्कि श्रमिक सुविधा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाये। दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया जाये.

ड्रग तस्करों के मकान पर चला बुलडोजर

श्रीनगर, 23 मई. पुलिस ने कश्मीर घाटी में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार और नशा तस्करों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को चार नशा तस्करों की संपत्ति को जब्त किया. इसके अलावा तीन अन्य नशा तस्करों के मकान और दुकान पर बुलडोजर चलाने के साथ उनके द्वारा कब्जाई गई सरकारी जमीन को छुड़ाया. वहीं, इस कार्रवाई में अनंतनाग पुलिस ने अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया. बारामुला में दवा की दुकान की आड़ में जारी प्रतिबंधित नशीली दवाओं के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक दुकान को सील करके दो लोगों को गिरफ्तार किया. बारामुला पुलिस ने पट्टन क्षेत्र में दवा की दुकान की आड़ में जारी एक अवैध ड्रग सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश किया.

राहुल से यूपी कांग्रेस को मिली नई ऊर्जा

2027 की तैयारी में कांग्रेस, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

लखनऊ, मई 23. उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन एक बार फिर अपनी राजनीतिक मौजूदगी को मजबूत करने के प्रयासों में तेजी लाता दिखाई दे रहा है. लंबे समय तक संघर्ष और सीमित राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिस तरह संगठन को जमीनी स्तर पर जीवित रखा, अब वही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है.

प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती सक्रियता और बैठकों का सिलसिला इस बात का संकेत माना जा रहा है कि पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तैयारी में जुट चुकी है.राहुल गांधी की लगातार सक्रिय राजनीति और सामाजिक मुद्दों पर उनकी स्पष्ट भूमिका का असर उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में भी दिखाई दे रहा है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा जैसे विषयों को लगातार राष्ट्रीय बहस का हिस्सा बनाया ह. इससे कार्यकर्ताओं को यह संदेश मिला है कि राजनीति केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनने का माध्यम भी है. प्रदेश कांग्रेस संगठन अब बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहा है. गांवों और शहरी क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम, बैठकें और जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं.

पार्टी का फोकस विशेष रूप से युवाओं, किसानों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने पर है. कांग्रेस नेताओं का मानना है कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं आने वाले चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकती हैं.

पीएम मोदी ने दी नितिन को बधाई

देश की सेवा में लंबे जीवन की प्रार्थना करता हूँ : मोदी

नई दिल्ली, 23 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी.

श्री मोदी ने श्री नवीन को एक युवा और गतिशील नेता बताया, जिन्होंने पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत करने और उसके कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक संदेश में श्री नवीन के नेतृत्व शैली, नए विचारों वाले दृष्टिकोण और जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा की तारीफ़ की.उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों की वजह से उन्हें राजनीतिक और सांगठनिक क्षेत्रों में बहुत सम्मान मिला है. उन्होंने अपने संदेश में कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई. एक युवा और गतिशील नेता के तौर पर उन्होंने संगठन को मज़बूत करने और हमारे कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए सब कुछ समर्पित कर दिया है. उन्होंने भाजपा अध्यक्ष की सांगठनिक सूझ-बूझ और प्रशासनिक समझ को उजागर करते हुए कहा कि उनके ऊर्जावान नेतृत्व ने पार्टी के विस्तार और जमीनी स्तर तक पहुँच बनाने में अहम योगदान दिया है.

चड्ढा बने राज्यसभा याचिका समिति अध्यक्ष

नई दिल्ली 23 मई. आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. चड्ढा सहित आप के सात राज्यसभा सदस्य पिछले माह ही भाजपा में शामिल हुए थे. राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था. दस सदस्यों को मनोनीत कर चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. मनोनीतों में भाजपा के हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल और मयंक कुमार नायक, टीडीपी के मस्तान राव यादव बीड़ा, कांग्रेस की जेबी माथेर हीशम आदि शामिल हैं.

धन शोधन में सहगल अरेस्ट

भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव भी शामिल

नई दिल्ली, 23 मई. प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है. ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया. मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से ज़मीन के इस्तेमाल में बदलाव हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है. उन्होंने कहा, हमने जीएमएडीए और ज़मीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है.

ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गयी प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी. यह प्राथमिकी उन किसानों से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज की थी, सीएलयू हासिल करने के लिए जाली बनाया गया था. जांच में पता चला कि सहगल ने 15 ज़मीन मालिकों की 30.5 एकड़ ज़मीन के संबंध में नकली सहमति पत्र तैयार किए थे.

अभद्र टिप्पणी करने पर राय के खिलाफ एफआईआर

लखनऊ, 23 मई. उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात बिछने से ठीक पहले सूबे की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है. उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है. जिन धाराओं में राय पर मुकदमा दर्ज हुआ है, वह गैरजमानती है. ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या अजय राय जेल जाएंग. बीजेपी कार्यकर्ता की शिकायत पर कोतवाली नगर पुलिस स्टेशन में अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है.

तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि

सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खरगे

नयी दिल्ली, 23 मई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं.

खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना 1000 करोड़ का केंद्रीय कर लगाया गया लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया.

एक नजर में

स्टारशिप यान की पहली परीक्षण उड़ान लॉच

वॉशिंगटन, 23 मई. अमेरीकी उद्योगपति एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक लॉच की है. इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अनुसार यह परीक्षण उड़ान टेक्सास के बोका चिका में स्टारबेस लॉन्च स्थल से की गयी. स्पेस एक्स ने इससे पहले शुक्रवार को इस परीक्षण उड़ान को रद्द कर दिया था. श्री मस्क ने बाद में एक्स पर कहा कि परीक्षण रद्द होने की वजह यान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी. उन्होंने बताया कि लॉन्च टावर की आर्म को सुरक्षित रखने वाली एक हाइड्रोलिक पिन नहीं निकाली गई थी. उन्होंने आगे कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द ही हो जाना चाहिए.

ट्रंप ने बुलाई राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक

वाशिंगटन, 23 मई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ एक बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा की और संकेत दिया कि अगर वार्ता विफल रहती है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने सैन्य हमलों को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर सकता है. अधिकारियों ने कहा कि ट्रंप इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत में प्रगति में कमी से तेजी से निराश हो रहे हैं और अगर अंतिम समय में कोई राजनयिक सफलता नहीं मिलती है तो वह सैन्य कार्रवाई पर विचार कर सकते हैं क्योंकि फिलहाल राजनयिक सफलता असंभव लग रहा है. ट्रंप ने लिखा, 'मुझे लगता है कि इस महत्वपूर्ण समय में मेरे लिए व्हाइट हाउस में रहना जरूरी है.

हथियार बनाने वाला देश अपनी किस्मत खुद लिखता है



नयी दिल्ली 23 मई. राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को केवल जरूरत के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह शांति , विकास तथा आर्थिक मजबूती के लिए भी जरूरी है और जो देश अपने हथियार बनाता है वह एक तरह से अपनी किस्मत खुद लिखता है. सिंह ने शनिवार को महाराष्ट्र के शिरड़ी में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ शिरडी में एक निजी सेक्टर कंपनी, एनआईबीई ग्रुप के रक्षा विनिर्माण परिसर का उद्घाटन किया। इस परिसर का मकसद उन्नत तोप प्रणाली, मिसाइल और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रॉकेट प्रणाली, एनर्जेटिक मटीरियल और ऑटोनॉमस डिफेंस प्लेटफॉर्म बनाना है. उन्होंने कहा, 'जो देश अपने हथियार खुद बनाता है, वह अपनी किस्मत खुद लिखता है.'

बैंक धोखाधड़ी में 5 साल की कैद

सीबीआई की अदालत ने सुनाया फैसला

चेन्नई, 23 मई. तमिलनाडु में चेन्नई के एग्मोर स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने 1.24 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में तीन लोगों को दोषी करार देते हुये पांच साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनायी है. अदालत ने उन पर कुल 12.9 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है.

यह मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो, आर्थिक अपराध शाखा चेन्नई द्वारा 14 नवंबर, 2008 को भारतीय स्टेट बैंक की प्रशासनिक इकाई, चेन्नई से मिली एक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था. आरोप लगाया था कि मैसर्स पलपाप इचिनीची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड और अन्य लोगों ने 'एक्सप्रेस क्रेडिट स्कीम' के तहत कंपनी के फर्जी कर्मचारियों के नाम पर पर्सनल लोन मंज़ूर करने और बांटने के मामले में आपराधिक साज़िश रची और बैंक के साथ 1.24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. जांच के बाद, 11 दिसंबर, 2009 को मैसर्स पलपाप इचिनीची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड और चार अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था.

योगी कैबिनेट में 6 नए चेहरों की एंट्री आज

मनोज पांडेय व अन्य को मिलेगा मंत्री पद

कैबिनेट विस्तार से ही बदलेगा सियासी संदेश

लखनऊ, 23 मई. उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपनी सरकार का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार करने जा रहे हैं. इस विस्तार में छह नए नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी.

इनमें सबसे चर्चित नाम समाजवादी पार्टी से बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय का है। इसके अलावा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, विधायक सुरेंद्र दिलेर, कृष्णा पासवान, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश सिंह राजपूत को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने जा रही है. शनिवार शाम मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर नए मंत्रियों की सूची सौंपी.

योगी कैबिनेट विस्तार में नए मंत्रियों पर एक नजर

क्र.	नाम	राजनीतिक पहचान / क्षेत्र
1	मनोज पांडेय	ब्राह्मण चेहरा, ऊंचाहार विधायक
2	कैलाश राजपूत	तिर्वा विधायक, कन्नौज
3	भूपेंद्र चौधरी	पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
4	कृष्णा पासवान	दलित महिला नेता, खागा विधायक
5	सुरेंद्र दिलेर	दलित युवा चेहरा, खैर विधायक
6	हंसराज विश्वकर्मा	ओबीसी नेता, भाजपा एमएलसी जातीय समीकरण

मंत्री वर्ग : ब्राह्मण, ओबीसी, दलित **संख्या** क्रमश : 1, 3 और 2

प्रयागराज में पानी के लिए 10 किमी का संघर्ष

प्रयागराज, 23 मई. उत्तर प्रदेश इस समय भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में है.कई जिलों में तापमान लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है.इसी बीच प्रयागराज जिले के शंकरगढ़ ब्लॉक से जल संकट की गंभीर तस्वीर सामने आई है, जहां लोग पीने के पानी के लिए रोजाना करीब 10 किलोमीटर तक पैदल चलने को मजबूर हैं.गांवों में जलस्रोत सूख चुके हैं और हैंडपंप जवाब दे चुके हैं.ऐसे हालात में ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी चुनौती परिवार के लिए पीने का पानी जुटाना बन गई है.

आज का इतिहास

- **1955** – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश रोशन का जन्म
- **1959** – साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया
- **1969** – भारतीय थल सेना के जांबाजों में से एक सुधीर कुमार वालिया का जन्म
- **1994** – मीना (सऊदी अरब) में हज से जुड़े एक समारोह के समय भगदड़ मच जाने से 250 लोगों से भी अधिक हाजियों की मृत्यु
- **1994** – न्यूयॉर्क में 1993 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बमबारी के लिए चार लोगों को 240-240 साल की कैद की सजा सुनाई गई
- **2000** – दक्षिण लेबनान से 22 साल का खूनी दौर समाप्त कर इस्रायली सेना वापस

नागपुर नराकास बैठक में राजभाषा पर जोर

राजभाषा जनता से जुड़ने का सशक्त माध्यम

10 हिंदी प्रतियोगिताओं के 50 कार्मिक पुरस्कृत

नागपुर, 22 मई. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर के तत्वावधान में दिनांक 22 मई को छमाही बैठक एवं हिंदी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में किया गया.

इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता नराकास के अध्यक्ष एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमन्त शरद पांडे ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज कुलश्रेष्ठ, महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो; बिक्रम घोष, निदेशक, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड; प्रमोद सांगोले, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय; बिस्वजीत पाणिग्रही, उप क्षेत्रीय निदेशक, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय; डॉ. जी निवासन, वैज्ञानिक-जी एवं महाप्रबंधक, क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र-मध्य, इसरो उपस्थित रहे.

समारोह में नागपुर में स्थित केंद्र सरकार के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के साथ हुई. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के महाप्रबंधक ललित प्रकाश तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रास्ताविक संबोधन दिया.

> डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी प्रतिभागियों को दैनिक कामकाजी जीवन में हिंदी के गौरव को बनाए रखने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि राजभाषा कोई थोपा गया नियम या संवैधानिक बाध्यता नहीं है. यह हमारे गौरव, हमारी संस्कृति और हमारे देश की जनता से जुड़ने का सबसे सीधा माध्यम है. जब हम जनता की भाषा में काम करते हैं, तो शासन और जनता के बीच की दूरी समाप्त हो जाती है.

भजनलाल कैबिनेट के बड़े फैसले

350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की तैयारी तेज

जयपुर , 23 मई. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में राजस्थान के विकास से जुड़े कई बड़े और अहम फैसले लिए गए.

बैठक में राजस्थान इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पॉलिसी को मंजूरी देने के साथ ही औद्योगिक निवेश, अक्षय ऊर्जा, जल संरक्षण, गांवों के विकास, बिजली-पानी की आपूर्ति और पेंशनर्स को राहत जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश को विकसित राजस्थान 2047 विजन के तहत वैश्विक औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा.बैठक के बाद उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने बताया कि नई औद्योगिक नीति 4जी मॉडल- ग्रीन, गवर्नेंस, ग्रोथ और ग्लोबलाइजेशन पर आधारित है. इसका लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है. जिसके तहत पर्यावरण अनुकूल उद्योगों, अक्षय ऊर्जा, सर्कुलर इकोनॉमी और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देंगे. सरकार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, टूरिज्म, जेम्स एंड ज्वैलरी, डेयरी और एग्रो प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करेगी.

प्रभावित उत्तरप्रदेश से राजस्थान तक सूरज बरसा रहा आग

भारत में निरंतर बढ़ रहा गर्मी का प्रकोप

11 राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी

नई दिल्ली, 23 मई. देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है. तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं. राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी.

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 से 47 डिग्री के बीच रहा. इन 11 राज्यों में हीटवेव का

अलर्ट जारी किया गया है. सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा.

अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं. शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे. उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44एष्ट तक पहुंच गए. अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे. सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45एष्ट के साथ सबसे गर्म शहर रहा.

> दक्षिण भारत में झमाझम बारिश की चेतावनी जारी की गई है. केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु में अगले चार से पांच दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होगी। वहीं, मानसून 26 मई तक यह केरल में एंट्री ले सकता है. अभी बंगाल की खाड़ी, अंडमान निकोबार द्वीप आदि के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ रहा है. पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो असम, मेघालय में 23 और 25 मई, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम में 23 मई को बारिश, आंधी तूफान व तेज हवाएं चलेंगी.

दिल्ली शास्त्री मार्केट में लगी भीषण आग

नई दिल्ली, 23 मई. दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में स्थित फर्नीचर मार्केट में बुधवार को भीषण आग लग गई. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरे इलाके में दहशत फैल गई. आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। गुस्साए लोगों ने आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ियों पर ने पथराव कर दिया. इस घटना में कुछ फायर टेंडर क्षतिग्रस्त हो गए. पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद रहकर आग पर काबू पाने की कोशिश की. आग के कारण हुए नुकसान का अभी आकलन किया जा रहा है.

कर्नाटक में संगठन की मजबूती पर जोर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पहला दौरा

बेंगलुरु, 23 मई. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पहला कर्नाटक दौरा पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को एक रणनीतिक कदम है. दक्षिण भारत में भाजपा को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा भरने के उद्देश्य से यह दौरा आयोजित किया गया है.

भाजपा की कर्नाटक इकाई में शनिवार को संगठनात्मक गतिविधियों को उस समय नया बल मिला जब पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदभार संभालने के बाद पहली बार राज्य का दौरा किया. प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र येदियुरप्पा ने इसे कर्नाटक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण क्षण बताया. उन्होंने कहा कि नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा संगठन के अंदर ऊर्जा और दिशा की एक नयी लहर पैदा करता है. उन्होंने कहा कि पूरे कर्नाटक के कार्यकर्ता नवीन की नेतृत्वशैली और संगठनात्मक समझ से ऊर्जा से भरपूर और प्रोत्साहित हैं. उन्होंने कहा कि इस दौरे से सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं का विश्वास और मजबूत हुआ है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक इकाई पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के साथ है और लगातार विस्तार रणनीति के हिस्से के तौर पर बूथ और जिला स्तर पर संगठनात्मक पहुंच को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस दौरे में राज्य के नेताओं और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ संगठन की विस्तार में बातचीत भी हुई, जिसमें बूथ प्रबंधन को मजबूत करने, जिला-स्तर पर तालमेल को और कार्यकर्ताओं के लिए जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण तेज करने पर फोकस किया गया.